भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 404
उत्तर देने की तारीख 05.02.2024

उत्तर प्रदेश में संस्कृति का विकास

404. श्री मलूक नागर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में संस्कृति के प्रचार-प्रसार/विकास के लिए कोई प्रयास किया है/करने का विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान बिजनौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में संस्कृति के प्रचार-प्रसार/विकास के लिए प्रदान की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उक्त निधि से किए गए प्रचार-प्रसार/विकासात्मक कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क): देश की सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन, परिरक्षण और संरक्षण से संबंधित मंत्रालय के सभी कार्यकलाप अनेक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं जो उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों पर समान रूप से लागू होती हैं। संस्कृति मंत्रालय द्वारा मूर्त और अमूर्त, दोनों प्रकार की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संचालित प्रमुख स्कीमें/कार्यक्रम इस प्रकार हैं:-

1. शताब्दी एवं वर्षगाँठ स्कीम
2. कला संस्कृति विकास योजना
3. संग्रहालयों का विकास
4. पुस्तकालयों का विकास
5. वैश्विक भागीदारी
6. राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन
7. राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण और रोडमैप मिशन

(ख): किसी भी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को विशेष रूप से निधि प्रदान नहीं की जाती है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

****